p>

Title: Need to set up a High Court bench in Dumka, Jharkhand..

श्री सुनील सोरेन (दुमका) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार बोलने का अवसर प्रदान किया है, मैं इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । मैं झारखंड से आता हूं और मेरा लोक सभा क्षेत्र दुमका है । महोदय, झारखंड राज्य का संथाल परगना मंडल अति पिछड़ा हुआ एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । इस क्षेत्र की 60 से 70 प्रतिशत आबादी गरीबी की रेखा से नीचे है एवं वह आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर भी है । यहं से रांची की दूरी लगभग 400 से 500 किलोमीटर है । यहां पर रेल एवं बस की सुविधाओं में भी कमी है । इन्हीं कारणों से बहुत-से लोग झारखंड उच्च न्यायालय की शरण में नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके कारण वे उचित न्याय पाने से वंचित रह जाते हैं । संथाल परगना में 6 जिले हैं और दुमका झारखंड की उपराजधानी भी है ।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि संथाल परगना के मुख्यालय दुमका में एक हाई कोर्ट की बेंच स्थापित की जाए, ताकि कमजोर लोगों को न्याय मिल सके ।